# कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा

## विज्ञापन संख्या 01/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो स्थानीय व्यक्ति, समाज के कमजोर वर्ग तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करना चाहते हैं तथा ऐसे कार्यों के लिए किसी प्रकार के आय की अपेक्षा नहीं रखते है एवं अभ्यर्थी मैट्रिक अथवा उससे उच्चतर योग्यता रखते है तथा उनमें समझने एवं समझाने की क्षमता हो, जो DLSA (डालसा) द्वारा पारा लिगल वोलेंटियर के पद पर चयन हेतु सुयोग्य हो। वे पारा लिगल वोलन्टियर के रूप में चयन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैः–

कुल रिक्त पद– 20

न्यूनतम उम्र – 18 वर्ष

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता – मैट्रिक

नोटः–

1. आवेदकों द्वारा आवेदन स्वहस्तलिखित या टंकित प्रारूप में दिए गए प्रपत्र में ही जमा करना है। आवेदन निबंधित डाक या हाथों–हाथ दोनों के माध्यम से (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, चतरा पिन– 825401) स्वीकार की जाएगी। लिफाफे के उपर स्पष्ट अक्षरों में "पारा लिगल वोलेंटियर के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।

2. संलग्न दस्तावेजों की सूचीः–
शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि ईत्यादि के समर्थन में प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, 02 पासपोर्ट साईज का अतिरिक्त फोटो तथा एक स्वपतालिखित एवं रू 55 का डाक टिकट संलग्न लिफाफा।

3. आवेदन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, चतरा पिन– 825401 के नाम से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/कुरियर/हाथों–हाथ जमा करें। आवेदन प्रपत्र के सभी कॉलम को भरना अनिवार्य है।

4. पारा लिगल वोलेंटियर के रूप में चयन सिर्फ अगले वर्ष के लिए मान्य होगी, जो कि उनके कार्य के प्रदर्शन के आधार पर ही आगे कार्य विस्तार दिया जाएगा।

5.पारा लिगल वोलेंटियर के रूप में कार्य/चयन **पूर्णतः अस्थायी** होगा एवं समय–समय पर झालसा/जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा द्वारा निर्धारित मानदेय सप्ताह में दो (02) दिन तथा महिना में अधिकतम आठ (08) दिन का मानदेय दिया जायेगा। वर्तमान में रू 750/– प्रति कार्यदिवस (अधिकतम आठ (08) दिन) को छोड़कर पारा लिगल वोलेंटियर के रूप में किये गये कार्यों के लिए अन्य कोई वेतन, पारिश्रमिक या मजदूरी देय नही होगा।

**6. कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 12.08.2026 अपराह्न 4:30 तक होगी।**
**7. पारा लिगल वोलेंटियर का चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। साक्षात्कार की तिथी की जानकारी के लिए मोबाइल नं0–9430734303/9304858218 एवं https://chatra.dcourts.gov.in वेवसाइट को निरंतर देखते रहें।**

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय, चतरा

## आवेदन का प्रपत्र–(क)

| यहाँ पर अपना अद्यतन पासपोर्ट साईज स्वहस्ताक्षरित फोटो चिपकाएँ |
|---|

1. आवेदित पद का नाम : पारा लिगल वोलेंटियर
2. आवेदक/आवेदिका का नाम :
3. पिता/पति का नाम :
4. जन्म तिथि :
5. स्थायी पता :

6. पत्राचार पता :

7. लिंग : पुरूष/महिला (सही पर ✓ टीक करें।)
8. वर्ग : सामान्य/ओ0बी0सी0/एस0सी0/एस0टी0 (सही पर ✓टीक करें।)
9. मोबाइल नं0 (व्हाट्सएप नं0) :
10. आधार नम्बर :
11. Email ID (In Capital Letter) :
12. शैक्षणिक याग्यता :

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग/श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | |
| स्नातक | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

13. कोटि/वर्ग (सामान्य/पिछडा वर्ग/अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति :
14. वर्तमान नियोजन यदि है एवं पूर्व कार्यानुभव यदि है तो, विवरण दें :
15. सामाजिक कार्यों में किये गये कार्य यदि हो तो विवरण संलग्न करें :
16. पंचायत का नाम (जहाँ कार्य करने हेतु इच्छुक हैं) :

## घोषणा पत्र

इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई समस्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई अपराधिक वाद लंबित है और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मुझे परीक्षा में उपस्थिति से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतगर्त मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जायेगी और मेरे विरूद्ध अपराधिक/दण्डित कानूनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान :

दिनांक : आवेदक का हस्ताक्षर

<u>प्रवेश–पत्र (ख)</u>

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।

क्रमांक संख्या : ......................................
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

फोटो चिपकायें

(अभ्यर्थी द्वारा भरा जायेगा– 1, 2 एवं 3)

1. आवेदक का नाम :
.........................................................................................................................
2. पिता/पति का नाम : .........................................................................................................
3. पत्राचार का पता : .......................................................................................................................
.......................................................................................................................................................
.......................................................................................................................................

4. साक्षात्कार का स्थान/केन्द्र : ..............................................................................................
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)
5. साक्षात्कार की तिथि : ........................................................................................................
(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

**6. अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उनकी एक–एक छायाप्रति साथ में लेकर आएं।**

दिनांक :

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय, चतरा